प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में 'हुनरबाज– द टैलेंट शो' का आयोजन

इवेंट एंड डेकोर मैनेजमेंट कोर्स के अंतर्गत परिवार संसाधन प्रबंध विभाग के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा डा. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में दिनांक 12 अप्रैल 2023 को प्रतियोगिता 'हुनरबाज– द टैलेंट शो' का आयोजन कृषि महाविद्यालय के डा. बी.वी. सिंह ऑडिटोरियम में किया गया। इस आयोजन में के.एस.एम. कान्वेंट स्कूल जवाहर नगर, दून एकेडमी स्कूल जवाहर नगर, मॉडर्न मोंटसरी जूनियर हाईस्कूल जवाहर नगर, न्यू हिमालयन पब्लिक स्कूल नगला, कैंपस स्कूल पंतनगर, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर एवं सेंट पीटर्सबर्ग स्कूल किच्छा के साथ–साथ पंतनगर विश्वविद्यालय के कुल 110 छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने कला के विभिन्न आयामों जैसे गायन, वादन, नृत्य, क्यूबिंग, गिटार वादन, माउथ ऑर्गन वादन, कैलीग्राफी, पेंटिंग, संस्कृत संभाषण, अंग्रेजी भाषण, स्वरचित कविता पाठ, आदि विधाओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी जय एवं अस्तित्व प्रतियोगिता के विजेता रहे। मॉडर्न मोंटसरी जूनियर हाईस्कूल की चतुर्थ कक्षा की छात्रा हर्षिता को द्वितीय तथा कैंपस स्कूल की दीप्ति नैनवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चारवी नेगी व अरुणिमा कश्मीरा (दून एकेडमी से) एवं मोहम्मद रेहान (सरस्वती शिशु मंदिर से) को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. शैलेंद्र कश्यप, अधिष्ठाता कृषि विज्ञान महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री गृह विज्ञान महाविद्यालय तथा डा. बृजेश कुमार अधिष्ठाता छात्र कल्याण के साथ–साथ जिला प्रचारक डा. जितेंद्र जी एवं नगर प्रचारक श्री मोहित जी की गरिमामय उपस्थिति के साथ–साथ विभागाध्यक्ष डा. सीमा क्वात्रा, डा. सुनीता शर्मा, डा. पूनम तिवारी, डा. दिव्या रानी, डा. शैफाली से आदि भी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में श्रीमती रागिनी सक्सेना, म्यूजिक टीचर, कैंपस स्कूल पंतनगर, डा. रागिनी मिश्रा सहायक प्राध्यापक, मानव संसाधन प्रबंध विभाग, गृह विज्ञान महाविद्यालय तथा डा. पूनम त्यागी निदेशक शारीरिक शिक्षा, पंतनगर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के हुनर का मूल्यांकन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम की इवेंट मैनेजर अवनीत सिंह राणा एवं कविता रूवाली को उनके प्रयासों के लिए सराहा एवं इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य में कराने के लिए आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम का पूर्ण श्रेय डा. छाया शुक्ला को जाता है जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का इवेंट प्लान, इसकी पूरी योजना एवं इवेंट आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के निर्णायक मंडल ने अपने संबोधन में यह कहा इस तरह के कार्यक्रम ना सिर्फ छात्रों का बौद्धिक विकास बल्कि उनके संपूर्ण विकास में सहायक होते हैं तथा विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



*कार्यक्रम में विजेताओं के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अन्य अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**